तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 कारगिल विजय दिवस पर स्कूली बच्चों ने ...



13 जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ...



# कृषि सीजन में खाद की कीमतों में उछाल, एनपीके की बोरी में 850 रुपए की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में बेमेतरा जिले के किसानों पर रासायनिक खाद की बढ़ी कीमतों ने दोहरी मार कर दी है। एक ओर सहकारी समितियों में जरूरत के मुताबिक उर्वरकों की उपलब्धता नहीं होने से किसान पहले ही निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर थे, वहीं अब एनपीके और पोटाश उर्वरक की कीमतों में अचानक हुई भारी वृद्धि ने खेती की लागत को और बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि मानसून की अच्छी बारिश के बाद फसलों को पोषण देने का यह सबसे अहम समय है, लेकिन खाद महंगा होने से पूरा कृषि बजट गड़बड़ा गया है। जिले में बारिश के बाद धान सहित अन्य खरीफ फसलों में निंदाई-गुड़ाई, छिड़काव और टॉप ड्रेसिंग का काम तेज हो गया है। इसी समय किसानों को बड़ी मात्रा में एनपीके और पोटाश की जरूरत पड़ती है। लेकिन बीते एक सप्ताह के भीतर इन उर्वरकों के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी गई। जानकारी के अनुसार एनपीके की एक बोरी, जो पहले 1,250 रुपए में मिल रही थी, अब 2,100 रुपए में उपलब्ध है। यानी एक ही बार में 850 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह पोटाश का मूल्य 1,590 रुपए से बढ़कर 1,975 रुपए हो गया है। हालांकि डीएपी 1,350 रुपए और यूरिया 266.50 रुपए प्रति बोरी की दर पर यथावत है, लेकिन जटिल उर्वरकों के महंगे होने से प्रति एकड़ खेती की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हो गई है।

## कीमतों में 40% तक बढ़ोतरी ने बिगाड़ा खेती का बजट

### किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर

किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन की शुरुआत से ही सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी और एनपीके उपलब्ध नहीं कराया गया। कई किसानों ने बार-बार समितियों के चक्कर लगाए, लेकिन खाद नहीं मिलने पर मजबूरी में निजी दुकानों का रुख करना पड़ा। निजी विक्रेताओं ने पहले से ही ऊंचे दामों पर खाद बेचा और अब नई दरें लागू होने के बाद किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि खेती पहले ही मौसम की अनिश्चितता, बढ़ती मजदूरी, महंगे बीज और डीजल की कीमतों से प्रभावित है। अब उर्वरकों के दामों में आई तेज बढ़ोतरी ने खेती को और महंगा बना दिया है। विशेष रूप से एनपीके में करीब 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि ने छोटे और मध्यम किसानों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर डाला है।



### खाद की नई और पुरानी कीमतें

| उर्वरक | पुरानी कीमत | नई कीमत |
|---|---|---|
| एनपीके | 1,250 | 2,100 |
| पोटाश | 1,590 | 1,975 |
| डीएपी | 1,350 | 1,350 |
| यूरिया | 266.50 | 266.50 |

### लागत में उछाल से किसान परेशान

एनपीके खाद की बोरी में सीधे लगभग 6 सौ रुपए तक की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है, जो लगभग 40% से अधिक की बढ़ोतरी को दर्शाती है। इसी प्रकार पोटाश के दामों में भी 385 प्रति बोरी का इजाफा हुआ है। यद्यपि डीएपी और यूरिया की कीमतें स्थिर रखी गई है, फिर भी जटिल उर्वरकों के महंगे होने से प्रति एकड़ कृषि लागत में भारी बढ़ोतरी हो गई है। डीजल, बीज और मजदूरी के बढ़ते खर्चों के बीच खाद के दामों में आई यह तेजी किसानों की वित्तीय गणित बिगाड़ रही है। वहीं दूसरी ओर निजी दुकनों में भी खाद बिक्री को लेकर मनमानी जारी है। किसानों का कहना है कि निजी दुकानदार डबल से तीन गुना दाम तक खाद के बदले वसूल रहे है।

### दोहरी मार से जूझता अन्नदाता

खेती-किसानी के वर्तमान दौर में एक तरफ जहां लगातार बदलते मौसम और कीट-व्याधि का खतरा बना रहता है। वहीं दूसरी तरफ उत्पादन लागत का लगातार बढ़ना कृषि को घाटे का सौदा बना रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सोसायटियों में तुरंत पर्याप्त मात्रा में पुरानी दरों पर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अचानक बढ़ाए गए दामों पर अंकुश लगाया जाए। जिससे अन्नदाता को इस आर्थिक संकट से राहत मिल सके। ज्ञात हो अभी मानसून की झड़ी लगने के बाद किसानों को काफी राहत मिली है।

## खबर संक्षेप

### सोनिया व भूमिका साहू का प्रयास विद्यालय में चयन




**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोंगियाकला की दो छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रयास प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। छात्रा सोनिया साहू (पिता अशोक साहू) एवं भूमिका साहू (पिता दीनाराम साहू) का चयन अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय, बिलासपुर की कक्षा 9वीं के लिए हुआ है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य चंद्र विजय वर्मा ने बताया कि छात्राएं जुलाई माह से गंडई स्थित निशुल्क कोचिंग संस्थान में नियमित तैयारी कर रही थीं, जहां शिक्षक बिरेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन किया। वहीं विद्यालय में शिक्षक एस.के. जंघेल द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं लेकर गणित विषय की विशेष तैयारी कराई जाती थी।

### तरुण पाल का प्रयास विद्यालय में चयन



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) कुसमी (बेरला) के मेधावी छात्र तरुण पाल का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। तरुण पाल की सफलता उसकी लगन, कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। उसकी तैयारी में मार्गदर्शक शिक्षक यमन साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### युवक पर जानलेवा हमला

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत चौकी जेवरा सिरसा पुलिस ने तालाब किनारे एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

## शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, परिश्रम ही एकमात्र रास्ता : खाद्य मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा के प्रति बच्चों और पालकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से विकासखंड बेमेतरा के पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, जीवन में आगे बढ़ने के लिए परिश्रम ही एकमात्र रास्ता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जनपद सदस्य मनोज चंदेल, मंडल अध्यक्ष हवेन्द्र वैष्णव, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, ग्राम पंचायत झिरिया की सरपंच फाल्गुनी ताराचंद पाल सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, पालक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ मंत्री ने बांटी पुस्तकें व गणवेश

शिक्षा विभाग की ओर से मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक नकुल प्रसाद पनागर, डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग, बीआरसी राजेन्द्र कुमार साहू तथा डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू सहित अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया। स्वागत उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालयों की नामांकन स्थिति, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभिन्न शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।




### शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है, साथ ही अच्छे संस्कार भी: मंत्री बघेल

मुख्य अतिथि मंत्री दयाल दास बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और इसके साथ अच्छे संस्कार भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, निरंतर अध्ययन और कठिन परिश्रम ही विद्यार्थियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन के साथ अध्ययन करने और अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन करने की अपील की। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने समय के सदुपयोग पर बल देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

समारोह के दौरान शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को आकर्षक बना दिया। प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मंत्री दयाल दास बघेल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग ने सभी अतिथियों का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले संकुल समन्वयकों, शिक्षकों, पालकों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के उपरांत आयोजित न्योता भोज में अतिथियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने एक साथ भोजन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। बड़ी संख्या में शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## नवागांव को मंत्री दयालदास बघेल ने दी 25 लाख के विकास कार्यों की सौगात




**नांदघाट।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा नवागांव के स्कूल में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष माया बारले जिला सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़, टार्जन साहू पूर्व जिला महामंत्री, नगर पंचायत अध्यक्ष मारो धनलाल देश लहरे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मारो नरेंद्र साहू समिति आसपास के सरपंच गण गणमान्य नागरिक गणं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री जी ने छात्राओं को साइकिल भी वितरित किया। तथा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को कॉपी पुस्तक का भी उपहार दिया। कार्यक्रम में पधारे मंत्री जी और अतिथियों के स्वागत करते हुए सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव ने अल्प कार्यकाल में 92 लाख रुपए के विकास कार्य करने में मिली सफलता को ग्राम वासियों के समक्ष रखा जिसमें वर्षा जल संरक्षण के लिए एक नवीन तालाब के निर्माण के साथ दो और तालाबों के गहरीकरण पीडब्ल्यूडी के निर्माण में टूटे खंभों का संधारण कारण नया ट्रांसफार्मर के लिए 12 लाख से अधिक व्यय 6.45 लाख के आंगनबाड़ी निर्माण नवीन नलकूप। 9 लाख रुपए की लागत से पचरी निर्माण रंगमंच निर्माण 5 लाख खनिज न्यास द्वारा 10 लाख रुपए की कांक्रीट रोड का भूमि पूजन 5 लाख की कांक्रीट रोड का लोकार्पण जैसे कार्य शामिल है। मुख्य अतिथि मंत्री दयाल दास बघेल ने भी सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव के परिश्रम और विकास के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए। उनकी मांगों पर आगे बढ़कर सहयोग की बात भी कही। तथा विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और लगन से लक्ष्य प्राप्त करके माता-पिता गुरुजनों अपने विद्यालय गांव क्षेत्र का नाम रोशन करने कहा। मंत्री ने नवागांव स्कूल को 10 लाख रुपए बाउंड्री वॉल हेतु पंचायत में नए सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए तथा 5 लाख नए सीसी रोड हेतु देने की घोषणा भी मंच से की। छात्रों ने पारंपरिक राउत नाचा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से मंत्री एवं अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री जी एवं अतिथियों ने नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत अभिनंदन करते भविष्य की शुभकामनाएं दी और उनके साथ नेवता भोज भी किया।

■ नवागांव में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

# मवेशी तस्करी, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के साजा थाना पुलिस ने दो भैंसों को कथित रूप से निर्दयतापूर्वक पिकअप वाहन में भरकर परिवहन करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन और दो भैंसों समेत कुल तीन लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम कोदवा निवासी गणेश वैष्णव (34) की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

शिकायत में बताया गया कि 22 जुलाई को वाहन क्रमांक CG 25 H 8404 में दो भैंसों को भरकर ग्राम मनियारी- मोहभट्ठा मार्ग से कथित रूप से कत्लखाने ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता अपने साथियों के साथ मोहभट्ठा चौक पहुंचा और संदिग्ध पिकअप को रुकवाया। वाहन की जांच में उसमें दो भैंसें तथा चालक सहित दो व्यक्ति मिले। मामले की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया। प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी अमित रजक (22) निवासी पेंडरवानी, थाना गंडई, जिला केसीजी तथा राजेश गोस्वामी (25) निवासी देवपुरा, थाना गंडई, जिला केसीजी ने पुलिस के समक्ष घटना में संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त करीब 2.50 लाख रुपये कीमत की बोलेरो पिकअप तथा 50 हजार रुपये कीमत की दो भैंसें जब्त कीं। दोनों आरोपियों को 23 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में साजा थाना के उप निरीक्षक असीम कीर्तनिया, प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, पवन राजपूत, शिवराज सिंह तथा आरक्षक अर्जुन धुर्वे, राजू यादव, गोकुल सोनी सहित थाना स्टाफ और गौवंश सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शाला प्रवेश उत्सव के आमंत्रण पत्र से जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम गायब, बढ़ा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2026–27 के आधिकारिक आमंत्रण पत्र से जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का नाम नहीं होने पर जिले में विवाद गहरा गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इसे जनप्रतिनिधियों और जिले की जनता के जनादेश का अपमान बताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से फोन पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि शासकीय आयोजनों में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं होनी चाहिए। कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि जिला पंचायत जिले की सर्वोच्च लोक तांत्रिक संस्था है। ऐसे में शासकीय कार्यक्रमों के आमंत्रण पत्र से निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम हटाना प्रशासनिक मनमानी और प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। अधिकारियों को अपनी इस चूक की ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने डीईओ से जताई कड़ी नाराजगी

### मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री और शिक्षा मंत्री से शिकायत की चेतावनी

कल्पना योगेश तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शासकीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि भविष्य में भी अधिकारियों द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया, तो पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री अरुण साव तथा शिक्षा मंत्री से की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को निष्पक्षता और नियमों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

# हाफ नदी के पुनर्जीवन को जनआंदोलन बनाने पहल, आज ग्राम अंधियारखोर में होगा प्रशिक्षण

### अभियान को जनआंदोलन बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में जिले में विकसित भारत जी-राम-जी अभियान के तहत हाफ नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन को जनआंदोलन बनाने की दिशा में लगातार पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार 25 जुलाई को विकासखंड नवागढ़ के ग्राम अंधियारखोर में मैदानी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, ट्रांसेक्ट वॉक तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ मैदानी अमले को नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन से जुड़े विषयों की जानकारी देंगे। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण, कैचमेंट क्षेत्र विकास, प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, नदी तट सुरक्षा तथा मृदा एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही विभागीय समन्वय और मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति भी साझा की जाएगी।



कार्यक्रम के तहत ट्रांसेक्ट वॉक के दौरान अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, मैदानी अमला और ग्रामीण हाफ नदी के विभिन्न हिस्सों का संयुक्त निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में गाद जमाव, जल प्रवाह में अवरोध, अतिक्रमण, अपशिष्ट प्रबंधन, तट संरक्षण और पुनर्जीवन की संभावनाओं का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर प्राथमिकता तय कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सुझाव भी शामिल किए जाएंगे ताकि क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी योजना बनाई जा सके।

ग्राम स्तर पर चलाए जाने वाले जनजागरूकता अभियान में नागरिकों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सोक पिट निर्माण, वृक्षारोपण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता तथा नदी-नालों में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट नहीं डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही आगामी श्रमदान, पौधरोपण और नदी संरक्षण गतिविधियों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर रहेगा।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिलेवासियों से जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि हाफ नदी जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। इसका संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, किसानों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।

# हाई स्कूल जांता को मिले 4 नए शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय हाई स्कूल जांता में लंबे समय से शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाने के बाद छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की पहल रंग लाई है।

जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने विद्यालय में चार शिक्षकों की पदस्थापना कर दी है। इसके बाद संगठन ने 24 जुलाई को प्रस्तावित ज्ञापन और आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया। संगठन ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपने और आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसके बाद 23 जुलाई की शाम आयोजित बैठक में हाई स्कूल जांता के लिए चार शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई। संगठन का कहना है कि इस निर्णय से विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। दाढ़ी खंड अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर ने बताया कि विद्यार्थियों के हित में शिक्षकों की पदस्थापना होने के बाद प्रस्तावित ज्ञापन और प्रदर्शन को स्थगित किया गया है।

उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग का आभार जताया। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिलाध्यक्ष निलेश साहू ने कहा कि जिले के कई शासकीय विद्यालय अब भी शिक्षक अभाव से जूझ रहे हैं। संगठन प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ऐसे विद्यालयों के लिए चरणबद्ध अभियान चलाएगा और आवश्यकता पड़ने पर जनहित में आंदोलन भी करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य विरोध करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना है।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले सांसद संतोष पाण्डेय



**कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए कबीरधाम जिले सहित प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने तथा उन्हें मान्यता प्रदान करने में आने वाले अवरोधों को दूर कर मान्यता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज कवर्धा में इस सत्र से वैकल्पिक भवन में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाना है। लेकिन नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा अधोसंरचना संबंधी आवश्यक भवन एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए मान्यता प्रदान नही किए जाने की कार्यवाही की गई थी। इसके बाद सांसद संतोष पांडेय ने 16 जून 2026 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर कवर्धा मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्रदान कराने का आग्रह किया था। इसके पश्चात नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा 12 जुलाई 2026 को आदेश जारी कर कवर्धा मेडिकल कॉलेज के लिए सत्र 2026-27 के लिए एमबीबीएस की 50 सीट की स्वीकृति प्रदान की। सांसद संतोष पांडेय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दिलाने हेतु प्रयासों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी आभार व्यक्त किया।

### 62 छात्राओं को मिला निःशुल्क सरस्वती साइकिल




**रवेली।** शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रवेली में शुक्रवार को राज्य शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा नवमी की 62 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं पालकों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम ने अपने संबोधन में साइकिल प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कक्षा नवमी में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध करा रही है, जिससे उनके आवागमन में सुविधा होगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय विद्यालयों में छात्राओं के लिए पृथक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही शहीद नरेन्द्र शर्मा विद्यालय में पेयजल सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाने तथा एक सांस्कृतिक मंच स्वीकृत कर शीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य एवं सभापति रुपेश चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य रामसिंह ठाकुर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, समिति के सक्रिय सदस्य कपिल चंद्रवंशी, विद्यालय के प्राचार्य जोध्या राम बंजारे, व्याख्याता हरिनारायण पाण्डेय, महेन्द्र कुमार श्रीवास, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, साइकिल वितरण प्रभारी सुश्री राधिका मांडवी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जितेन्द्र कुमार राजपूत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### कवर्धा में युवाओं ने प्रधानमंत्री को खून से लिखा पत्र



**कवर्धा।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं तथा आंदोलनरत युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कवर्धा के युवाओं ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए महात्मा गांधी के प्रतिमा के सामने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपने खून से पत्र लिखा। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली में जनता का भरोसा कमजोर हुआ है और इसकी नैतिक जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे युवा नेता विकाश केशरी ने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में यदि परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल उठते हैं या अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो सबसे बड़ा नुकसान उन मेहनती युवाओं का होता है। उनका कहना था कि युवाओं का भविष्य किसी भी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए, लेकिन बार-बार ऐसी घटनाओं से छात्रों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। युवा कांग्रेसी रोहन शर्मा और चिराग यादव ने बताया की प्रधानमंत्री को संबोधित अपने पत्र में मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए, सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें। इस कार्यक्रम मे विकाश केशरी, रोहन शर्मा, प्रतीक मिश्रा, तरुण चंद्रवंशी, डोमन पोर्ते, मनु वर्मा, संजय पटेल, गौरांश पाल, चिराग यादव, जित्तू चन्द्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समस्याएं: नेऊर-कांदावानी मार्ग की हालत जर्जर व खस्ताहाल

# सड़कों की मरम्मत के नाम पर विभाग बढ़ा रहा लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों की खस्ताहाल और जर्जर सड़कें समय रहते मरम्मत के आभाव मार्ग अब चलने लायक नहीं रह गई है। बताया जा रहा है कि रही सही कसर बेतरतीब मरम्मत के नाम पर संबंधित विभाग पूरी कर रहा है। कुछ ऐसा ही मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम नेऊर से कांदावानी मार्ग में देखने को मिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक करीब 20 किलो मीटर लम्बा और 10 से 12 ग्रामों सहित छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाले नेऊर-कांदावानी मार्ग की हालत बेहद जर्जर और खस्ताहाल है। बताया जाता है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2008 में इस सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन समय के साथ चौबिसों घंटे आगदरफ्त वाले इस मार्ग का अब दम निकल चुका है।

हालांकि क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो मांग और समस्याओं को देखते हुए समय-समय पर संबंधित विभाग द्वारा इस मार्ग की मरम्मत भी की जाती रही है लेकिन यह मरम्मत थूक पालिस से ज्यादा कुछ नहीं रही है। यहीं वजह है कि बारिश के इस मौसम के कई स्थानो में गड्ढे, कीचड़ देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अभी हाल ही में विभाग ने तथा कथित मरम्मत कार्य करते हुए ग्राम कांदावानी से टेड़ापानी के बीच करीब 300 मीटर की सड़क को खोदकर उसमें मिट्टी डलवा दी है। जिससे खस्ताहाल और जर्जर सड़क की समस्या खत्म होने के बजाए और अधिक बढ़ गई है।

बारिश के बाद सड़क में डाली गई मिट्टी दलदल में तब्दील हो चुकी है। जिसमें बड़े वाहन तो जैसे तैसे निकल जाते हैं लेकिन छोटे वाहनो को इस दलदल नुमा सड़क के हिस्से को पार करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह मार्ग क्षेत्र के करीब 10 से 12 गांवों सहित मध्यप्रदेश को जोड़ता है और इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ किसान तथा स्कूली बच्चे भी करते हैं लेकिन मार्ग ऐसी हालत होने के कारण सभी त्रस्त नजर आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन तथा संबंधित विभाग से तत्काल व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

### ग्राम कुई से बदना मार्ग का भी हाल बेहाल



बताया जाता है कि ग्राम नेऊर से कांदावानी की ही तरह ग्राम कुई से बदना तक का करीब 20 किलो मीटर मार्ग भी बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। जबकि इस मार्ग से क्षेत्र के करीब 8 पंचायतों के कई ग्रामों के ग्रामीणों का वास्ता है और वे प्रतिदिन इस मार्ग से आना जाना करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस मार्ग में भी सुधार के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

## यूथ क्लब का भण्डारा 9 से 16 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पवित्र श्रावण माह में भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं।

ऐसे श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित कवर्धा की सामाजिक संस्था यूथ क्लब विगत कई वर्षों से निरंतर सेवा कार्य करते हुए इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण करने पर कांवड़ियों के लिए भंडारा एवं विश्राम की व्यवस्था कर रही है। इसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी यूथ क्लब द्वारा सावन माह के द्वितीय रविवार 9 अगस्त तथा तृतीय रविवार 16 अगस्त को ग्राम समनापुर भोरमदेव रोड स्थित मिडिल स्कूल परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यहां सुबह 6 बजे से भोरमदेव धाम की ओर जाने वाले सैकड़ों कांवड़ियों को गरमागरम भोजन एवं प्रसादी वितरित की जाएगी।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को भोजन, विश्राम और आत्मीय सेवा उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी धार्मिक यात्रा सहज और सुरक्षित ढंग से पूरी कर सकें। चूंकि यूथ क्लब के स्थापना का यह 50 वर्ष है, जो कि स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए क्लब के स्वयं सेवकों में विशेष उत्साह है।

## किसानों को धड़ल्ले से बेची जा रही है घटिया दर्जे की व कालातीत कीटनाशक दवाइयां, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अमुमन खाद, बीज, कीटनाशक दवा की मांग वर्षाकाल के पूर्व से प्रारंभ हो जाती है लेकिन कृषि प्रधान कबीरधाम जिले में इनकी मांग पूरे साल बनी रहती है।

यही वजह है कि जिले में खाद, बीज, कीटनाशक दवा विक्रेताओं की भरमार है और इनमें से कई ऐसे हैं जो अंचल के भोले भाले ग्रामीण किसानों को घटिया दर्जे के बीज, खाद तथा कीटनाशक थमाकर चोखी कमाई कर रहे हैं।

जिससे न सिर्फ किसानो को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है बल्कि उनकी फसलें भी चौपट हो रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के किसान इस गंभीर मुद्दे को लेकर लगातार कार्यवाही की मांग करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक शासन, प्रशासन और जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए है। किसानो के सबसे बड़े संगठन ने तो अभी हाल ही में नकली खाद के मुद्दे को लेकर कृषि विभाग कार्यालय का घेराव कर सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा था।

### फसलों पर पड़ता है विपरीत प्रभाव



जानकारों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा नकली और घटिया दर्जे के कीटनाशक दवा की बिक्री होती है। सूत्रों की माने तो इस कारोबार में कई लोग लगे हुए हैं। जिनके पास न तो कीटनाशक दवा की दुकान संचालन की योग्यता है और न ही अनुभव है। माना जाता है कि कीटनाशक दवा फसलों के लिए जितनी आवश्यक व उपयोगी है उतनी ही खतरनाक भी है। इसके उपयोग में जरा सी भी लापरवाही न सिर्फ कीमती फसलों के लिए बेहद घातक हो सकती है बल्कि दवा का छिड़काव करने वाले के लिए भी ये नुकसानदायक हो सकती है। ऐसे में कीटनाशक दवा विक्रेताओं का योग्य व अनुभवी होना आवश्यक है जो किसानों को दवा के सही उपयोग, मात्रा तथा छिड़काव के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दे सके। लेकिन वर्तमान में जिन लोगों द्वारा कीटनाशक दवा का व्यवसाय किया जा रहा है उनमें अधिकांश अयोग्य तथा गैर अनुभवी हैं।

## पुरस्कारों के लिए आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राज्य खेल अलंकरण, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पुरस्कार, डाइट मनी तथा खेल संघों के लिए प्रेरणा निधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक एवं खेल संघ 5 अगस्त 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अथवा राष्ट्रीय खेलों में पदक प्राप्त करने वाले अथवा अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनियर खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार, नगद प्रोत्साहन, खेलवृत्ति एवं प्रेरणा निधि के आवेदन पत्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालयों, संचालनालय तथा राज्य खेल संघों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## नहर के लाइनिंग कार्य के लिए 3.76 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयास से जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत दमऊनाला व्यवपर्तन के नहर के लाइनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इससे क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

सांसद संतोष पांडेय ने पूर्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर दमऊनाला व्यवपर्तन नहर के लाइनिंग कार्य के लिए जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया था। सांसद के इस प्रस्ताव पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कार्य को स्वीकृति प्रदान कर दी, जिसके बाद जल संसाधन विभाग ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश भी जारी कर दिया है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि यह परियोजना इस क्षेत्र के विकास और कृषि के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नहर के लाइनिंग कार्य के पूरा हो जाने से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, पानी की बर्बादी रुकेगी और टेलएंड (छोर) तक के खेतों तक आसानी से पानी पहुंच सकेगा। इससे स्थानीय किसानों की फसल की पैदावार बढ़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

क्षेत्र को मिली इस बड़ी सौगात के बाद स्थानीय किसानों और क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

माना जा रहा है कि दमऊनाला व्यवपर्तन के नहर के लाइनिंग कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानो को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## नगर पंचायत बोड़ला के तीन मनोनीत एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- एल्डरमेन ने दिया नगर के चहुंमुखी विकास व जनता की अपेक्षाओं में खरा उतरने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला




नगर पंचायत बोड़ला के शासन द्वारा नामांकित ऐल्डरमेनों का पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत प्रांगण में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अनुविभागीय अधिकारी सागर सिंह ने शासन द्वारा नामांकित ऐल्डरमेन श्रीमती शारदा गंधर्व, गौतम गुप्ता एवं मानिकदास मानिकपुरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल ने कहा कि नगर पंचायत के समग्र विकास में ऐल्डरमेन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी कथनी और करनी के अनुरूप एक वरिष्ठ, एक युवा एवं मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए नियुक्तियां की हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि तीनों नामांकित सदस्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर नगर के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त ऐल्डरमेनों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित में सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनाथ मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बरसाती वर्मा, बलदाऊ चन्द्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि नरेश चन्द्रवंशी, डॉ. प्रेमकांत मिश्रा, चंदा महाराज, दिलीप वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## भोरमदेव अभ्यारण्य की पहचान ऑरेंज ओकलीफ को दें अपना वोट

# राजकीय तितली के चयन के लिए जनमत संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध जैव विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाली राजकीय तितली के चयन के लिए जनमत संग्रह आयोजित किया जा रहा है। इस जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत प्रदेशवासियों से तीन चयनित तितलियों में से अपनी पसंदीदा तितली को वोट देने की अपील की गई है।

कबीरधाम जिले का गौरव भोरमदेव अभ्यारण्य अपनी समृद्ध वन संपदा एवं जैव विविधता के लिए प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। यहां प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली आकर्षक तितली ऑरेंज ओकलीफ जिले की प्राकृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ऐसे में जिलेवासियों से अपील की जा रही है कि वे अधिक से अधिक संख्या में ऑरेंज ओकलीफ के पक्ष में मतदान कर इसे छत्तीसगढ़ की राजकीय तितली बनाने में अपना योगदान दें। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि ऑरेंज ओकलीफ केवल एक सुंदर तितली ही नहीं, बल्कि भोरमदेव अभ्यारण्य की समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनमत संग्रह में भाग लेकर ऑरेंज ओकलीफ के पक्ष में मतदान करें तथा इस अभियान को अपने परिवार, मित्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से साझा करें, ताकि भोरमदेव अभ्यारण्य की यह विशिष्ट तितली छत्तीसगढ़ की राजकीय तितली बनने का गौरव प्राप्त कर सके।



### जनमत संग्रह में शामिल तीन तितलियां

वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि जनमत संग्रह में शामिल तीन तितलियां हैं। जिसमे ऑरेंज ओकलीफ, कॉमन बैंडेड पीकॉक, स्पॉट स्वॉर्डटेल शामिल है। वोट करने के लिए लिंक जारी किया गया है।

## डीईओ ने जारी किया पत्र, जुलाई में किसी शिक्षक का नहीं रूकेगा इंक्रीमेंट

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया।

इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कुछ डीडीओ सेवापुस्तिका सत्यापन नहीं होने का बहाना बनाकर शिक्षकों को जुलाई में मिलने वाला इंक्रीमेंट रोकने की तैयारी में हैं, जबकि अब तक सेवापुस्तिकाओ का सत्यापन नहीं कराने के लिए डीडीओ का ही वेतन रोका जाना चाहिए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए डीईओ ने तत्काल पत्र जारी कर जुलाई माह में किसी भी शिक्षक का इंक्रीमेंट नहीं रोकने का निर्देश दिया है।

साथ ही अगला इंक्रिम देने के पहले सभी शिक्षकों की सेवापुस्तिका का सत्यापन कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। शिक्षकों द्वारा दावा-आपत्ति पत्र देने के बाद भी वरिष्ठता सूची में सुधार नहीं होने, सहायक शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान का विकल्प हेतु पत्र जारी करने, सीजीपीएफ पासबुक में डीडीओ का हस्ताक्षर, प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति देने, स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को बैंक में सेलरी पैकेज का लाभ दिलाने, संयुक्त संचालक में लंबित अनापत्ति व अनुमति पत्र का निराकरण कराने के मुद्दों को रखा गया, जिसपर डीईओ ने सभी बिंदुओं पर शीघ्र ही उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, गोकुल जायसवाल, राजकिरण चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, विनोद राजपूत, भूपेंद्र साहू, देवदास धृतलहरे, महेंद्र गुप्ता, नरेंद्र चंद्रोल, संजय कोसले, नकुल वर्मा, पन्ना लोधी, अरविंद कुंजाम, रामसिंह साहू, विजय लांझियाना आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सी-मार्ट के पास गांजा बेच रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को 1.250 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से गांजा और बिक्री की नकदी सहित कुल 67,600 रुपये की सामग्री जब्त की गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जीई रोड स्थित सी-मार्ट, पावर हाउस के पास एक महिला गांजा बेचने के लिए रखी हुई है। सूचना पर छावनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक संदिग्ध महिला को पकड़ा।पूछताछ में महिला ने अपना नाम अनिता (50 वर्ष), पति स्वर्गीय शिशुपाल, निवासी नंदनी रोड, चौरसिया होटल के पीछे, कैंप-2 भिलाई बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखी सफेद प्लास्टिक की बोरी में गुलाबी रंग की प्लास्टिक झिल्ली में पैक गांजा बरामद हुआ।गवाहों की मौजूदगी में मादक पदार्थ का वजन कराया गया, जिसमें गांजा का कुल वजन 1.250 किलोग्राम पाया गया। साथ ही आरोपी के पास से 5,100 रुपये नकद भी बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने बिक्री की रकम माना है।आरोपी महिला से गांजा रखने संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गांजा और नकदी जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया।

### योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**उतई ।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत खोपली शक्ति केंद्र की बैठक भागचंद देशलहरे के निवास स्थान पर हुई। मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर रहें। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं आगामी स्थानीय चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि पार्टी को बूथ स्तर पर और मजबूत करना है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री प्रवीण यदु,चंदू देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर,किसान मोर्चा अध्यक्ष फालेन्द्र राजपूत,उतई मंडल उपाध्यक्ष देवेन्द भारती, राकेश आदि उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न

**कवर्धा।** कलेक्टर के निर्देशानुसार और महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्हाटी में आयोजित पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का गुरुवार को गरिमामय माहौल में समापन हुआ। विकासखंड सहसपुर लोहारा के अंतर्गत आने वाले इस विद्यालय में 20 से 24 जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय की किशोरी बालिकाओं को मास्टर ट्रेनर द्वारा आत्मरक्षा की व्यावहारिक और प्रभावी तकनीकें सिखाई गईं।

पेज 11 का शेष

### शाला प्रवेश उत्सव के ...

जिम्मेदारी लेते हुए कार्यशैली में सुधार करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में आयोजित शासकीय कार्यक्रमों में तय प्रोटोकॉल के अनुसार नगर निगम क्षेत्रों में महापौर, नगर पालिका व नगर पंचायतों में अध्यक्ष तथा जिला स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम और फोटो मंच के मुख्य बैनर एवं आमंत्रण पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाते हैं। इसके विपरीत बेमेतरा जिले में इस स्थापित व्यवस्था की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## पीएम मोदी व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, युवाओं को दिया पूरा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमधा

### छात्रों पर लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं : राकेश ठाकुर




जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में धमधा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए गंडई चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारे लगाए गए। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जंतर-मंतर में छात्रों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की जनता को केवल झुटे वादे और परेशानियां मिली हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जंतर-मंतर में छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। गंडई चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दानेश्वर साहू, शमशीर कुरैशी, मधुसूदन राणा, जालम पटेल, राज पटेल, अशोक कसार, संतलाल बंजारे, हिम्मत ढीमर, ज्वाला साहू, अघ्नु पाल, राजेश मानिकपुरी, बंटी वैष्णव, जीवन निर्मलकर, अरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चंदेल, यगेन्द्र दिल्लीवार, योगेश साहू, रेवा बंजारे, लुमेश्वर पटेल, आशीष पाण्डेय, रामकुमार पटेल, रोमन पटेल, टीकाराम उमरे, श्रवण साहू, आकाश द्विवेदी, विजय दीमर, सुरेश ढीमर, सुमन्त ताम्रकार, विनोद पटेल, त्रिलोकी पटेल, रामचन्द्र जंघेल, पप्पू सोनवाने, मुकेश वर्मा, निक्की राजपूत, बब्बू वैष्णव, अनिल साहू, ललित सोनकर आदि शामिल है।

### जामुल में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**जामुल ।** जंतर-मंतर नई दिल्ली में जारी आंदोलन के सिलसिले में स्थानीय स्तर पर कांग्रेस ने गुरुवार को एक दिवसीय धरना एवं विरोध प्रदर्शन जामुल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में संतोषी चौक जामुल बस्ती में किया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के पदाधिकारी, कांग्रेस के पार्षद, छाया पार्षद, मण्डल अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष ,बुथ अध्यक्ष वरिष्ट कांग्रेस, युवक कांग्रेस, पूर्व ऐल्डरमेन, कांग्रेस,महिला कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला जलाया



**पाटन।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी, सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी सहित अनेक कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन ने स्वामी आत्मानंद चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन अध्यक्ष मोहन साहू, जामगांव आर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर और नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल देवांगन के संयुक्त तत्वावधान में इस आंदोलन में पुलिस द्वारा रोकने के प्रयास हुए। हल्की धक्का-मुक्की के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### सवालों का जवाब देने के बजाय आवाज़ दबा रही सरकार : साहू



उतई/अंडा। पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि विपक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुंचाना और जनहित के मुद्दों पर जवाबदेही तय करना है। गुरुवार को जारी बयान में श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार युवाओं, छात्रों और आम जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ₹इस देश का दुर्भाग्य है कि सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय आवाज़ उठाने वालों को दबाने का प्रयास कर रही है।₹ साहू ने की कहा, ₹भाजपा याद रखे, लोकतंत्र में आवाज़ दबाने से सवाल खत्म नहीं होते। देश का युवा न्याय मांग रहा है, जवाब मांग रहा है और कांग्रेस उनकी आवाज़ बनकर मजबूती से खड़ी है।₹ पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और छात्रों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन सभी मुद्दों पर जनता के साथ खड़ी है।

## अंचल की खबरें

### शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने दी साइकिल



**भिलाई/उतई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम डुंडेरा में सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कक्षा 9वीं की 31 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की। साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में कुमारी दीक्षा यादव, अर्पित साहू, खुशबू निर्मलकर, रश्मि यादव, वीणा साहू, सिया बाग, खुशी साहू, दिशा भारती, सोनम, प्रतिमा बेहरे, मधुलिका नायक आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों को विद्यालय तक नियमित एवं सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित होगी। ये साइकिलें छात्राओं की शिक्षा यात्रा को सुगम बनाते हुए उनके सपनों को नई उड़ान देंगी। प्रदेश के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, समय पर निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण, अतिरिक्त पौष्टिक आहार, नियमित पालक-शिक्षक बैठक, न्योता भोज और भारतीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न नवाचारों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द साहू, पार्षद विक्की चंद्राकर, हरीश नायक, महामंत्री रोहित धनकर, पुनाराम कलिहारी, इंद्रजीत सोनी, प्रेम नारायण वर्मा सहित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। प्राचार्य सरिता मसी ने आभार व्यक्त किया।

### शहादत दिवस पर स्मृति समारोह का आयोजन कल



**भिलाई।** कारगिल योद्धा अमर शहीद वीर चक्र सम्मानित कौशल यादव के 27वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ आर्मी वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा 25 जुलाई सुबह 11 बजे हुडको स्थित कौशल यादव स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा व स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में कारगिल योद्धा अमर शहीद वीर चक्र सम्मानित कौशल यादव के 27वें शहीद दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जुलाई को एक भव्य श्रद्धांजलि एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहीद कौशल यादव के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह कार्यक्रम नई पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का एक विनम्र प्रयास है। स्मृति दिवस समारोह के दौरान रक्त दान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हरप्रित सिंग पूर्व सैनिक एडवेंचर, कैप्टन ओपी सिंह, मनीष शर्मा, वीके सिंह, बेनी प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार, नेहा मोदी आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल आधार कौशल विकास



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में ₹राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में कौशल विकास एवं स्वावलंबन विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार घोष, कुलपति, सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर तथा विशिष्ट अतिथि राजन कुमार दुबे, संचालक, शैलदेवी महाविद्यालय रहे। अध्यक्षता डॉ. रजनी राय, संयुक्त संचालक, शैलदेवी महाविद्यालय ने की। प्राचार्य डॉ. के. एन. मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को कौशल सम्पन्न, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं में कौशल, नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता का विकास अत्यंत आवश्यक है। संचालन जितेश मिश्रा ने किया तथा अंत में उप प्राचार्य डॉ. रश्मि पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

## स्कूल-कॉलेज के पास हेरोइन बेच रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा



**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने स्कूल और कॉलेज क्षेत्र के आसपास हेरोइन की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.49 ग्राम हेरोइन, बिक्री की रकम, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईटीआई मैदान खुर्सीपार के पास एक युवक अवैध रूप से हेरोइन बेच रहा है और युवाओं, विशेषकर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को नशीला पदार्थ उपलब्ध करा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जसराज सिंह (22 वर्ष), निवासी इंदिरा नगर, छावनी, भिलाई बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 8.49 ग्राम हेरोइन, बिक्री से प्राप्त 1,050 रुपए नकद, दो मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। सभी सामग्री को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। खुर्सीपार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8, 21(बी) और 27ए एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## सुदामापुरी में जल निकासी और गंभीर जलभराव की समस्या से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई



■ बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जल निकासी व्यवस्था की मांग

सुदामापुरी (अमलेश्वर) के समस्त रहवासीगण जल निकासी एवं गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। इन रहवासियों ने बताया कि गण पूर्व में कृषि भूमि के छोटे भूखंडों को क्रय कर वहां मकान बनाकर सपरिवार निवास कर रहे हैं। कॉलोनी निर्माताओं ने नियमों को ताक पर रखकर खारून नदी में मिलने वाले प्राकृतिक नाला (जल निकासी मार्ग) को बंद कर दिया गया है तथा चारों ओर ऊंची बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी है। इसके चलते बारिश में रास्तों और घरों के आसपास 4 से 5 फीट तक पानी भर जाता है। इसके अतिरिक्त, मुख्य सड़क पर फुटपाथ एवं नाली न होने के कारण मुख्य मार्ग का पानी तथा पीछे की ओर स्थित सांकरा तालाब का ओवरफ्लो पानी भी पूरी तरह हमारे ही क्षेत्र में आकर जमा हो जाता है। इस जलभराव के कारण नारकीय स्थिति निर्मित हो गई है। लोगों को घुटनों से ऊपर तक भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। यहां सांप, बिच्छू और मच्छरों का भयंकर प्रकोप हो गया है। वहीं महामारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। आपातकाल में एम्बुलेंस या चार पहिया वाहनों का आना भी असंभव हो जाता है। इन रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राकृतिक नाले को अवरुद्ध करने वाले बिल्डरों/कॉलोनी नाइजरों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए। सुदामापुरी क्षेत्र से पानी की निकासी के लिए तत्काल सरकारी नाली/कैनल का निर्माण कराया जाए ताकि इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

## दो आरोपी से 300 नशीली टेबलेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏩ भिलाई



■ 1.36 लाख रुपए की नशीली टेबलेट, मोबाइल और हथियार जब्त

सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध बिक्री करने की तैयारी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 300 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, दो धारदार हथियार और दो मोबाइल फोन समेत कुल 1.36 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंजपारा स्थित प्रियंका बोरवेल्स के पीछे मैदान में दो युवक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान दिपेश उर्फ आयुषदीप (21 वर्ष), निवासी उत्कल कॉलोनी गंजपारा और कृष्णा कुमार सेन (19 वर्ष), निवासी डिपरापारा दुर्ग के रूप में बताई। तलाशी के दौरान दिपेश के पास से 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एक धारदार हथियार और ओप्पो मोबाइल फोन बरामद हुआ। वहीं कृष्णा कुमार सेन के कब्जे से 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एक धारदार हथियार और आईफोन एसई 2020 मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 21(ख) एनडीपीएस अधिनियम तथा 25 आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## कोलेगांव में विद्यार्थियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के हाई स्कूल व संकुल कोलेगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य अमले द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान बालिकाओं को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के उद्देश्य से संचालित किया गया। टीकाकरण शुरू होने से पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ तथा टीकाकरण के बाद बरती जाने वाली सामान्य सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है तथा किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण एवं अन्य जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में सहयोग करें, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सके। टीकाकरण अभियान के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पूरे अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया तथा टीकाकरण के बाद छात्राओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी भी की।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बारिश में ट्विनसिटी के अंडरब्रिजों में जलजमाव की समस्या

## प्रियदर्शनी ब्रिज बन जाता है स्वीमिंग पूल, आवागमन हो जाता है बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रियदर्शनी परिसर सुपेला अंडरब्रिज सहित ट्विनसिटी के चार अंडरब्रिज बारिश के शुरुआती दौर में ही वाहनचालकों के लिए परेशानी ही नहीं बल्कि मुसीबत बन गए हैं। हर साल जलजमाव की विकट समस्या के बाद भी विकास का दावा करने वाले नगर निगम और जनप्रतिनिधि निदान को लेकर उदासीन और बेबस बने हुए हैं। शहरवासियों को अब इस बात की चिंता सता रही है कि जब वर्षा के आरंभ में यह स्थिति है तो फिर आगे तीन महीने के दौरान कितनी परेशानी होगी।

चारों अंडरब्रिजों के निर्माण में टेक्निकल फाल्ट होने से हर साल जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। भिलाई में चंद्रामौर्या अंडरब्रिज, प्रियदर्शनी अंडरब्रिज का निर्माण करीब पंद्रह साल पूर्व किया गया था। वहीं नेहरुनगर व दुर्ग के रायपुर नाका अंडरब्रिज का निर्माण दो साल पूर्व किया गया है। रेलवे द्वारा नगर निगम व बीएसपी के सहयोग से निर्मित यह अंडरब्रिज निर्माण के बाद पहली बारिश के समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। सबसे ज्यादा समस्या प्रियदर्शनी परिसर व चंद्रामौर्या ब्रिज में बनी हुई है। दोनों अंडरब्रिजों में लगातार दो घंटा बारिश होने पर जलभराव होने से आवागमन बंद या बाधित हो जाता है।




इस कारण वाहनचालकों को पावरहाउस ओवरब्रिज से घूमकर जाना पड़ता है, जिस कारण दो किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। वाहनचालकों ने बताया कि भिलाई इंजीनियरों व अनुभवी व जागरुक जन प्रतिनिधियों का शहर होने के बाद भी चारों ब्रिजों के टेक्निकल फाल्ट को सालों बाद भी दूर नहीं किया जा सका है। बारिश के मौसम में 4 महीने सभी जलजमाव व लोहे की जालियों के उभरने से आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। रायपुर नाका दुर्ग में भी जलभराव की समस्या बनी रहती है।



### स्वीमिंग पूल बन जाते हैं दो ब्रिज



पिछले करीब पंद्रह साल से चंद्रामौर्या व प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज बरसात के मौसम में 4 महीने वाहनचालकों के लिए परेशानी और जिम्मेदार एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। हर साल दोनों ब्रिजों में अधिक वर्षा होने पर 3 से 6 फीट पानी भर जाता है। मौर्याब्रिज में हर साल निगम द्वारा मोटरपंप लगाकार पानी निकालनी की रस्मअदायगी बाद वर्तमान में सड़क की ऊंचाई बढ़ाने संधारण कार्य करवा रहा है। लेकिन प्रियदर्शनी ब्रिज लाइलाज बना हुआ है। यहां कम जलभराव होने पर दोपहिया व कारचालक जब गुजरते हैं तो बीच में इंजिन में पानी भर जाने से वाहन रुक जाते हैं। बच्चे दस बीस रुपए लेकर कार को धक्का देकर आग निकालते हैं। रहवासियों ने बताया कि ऊपर ट्रैक से नीचे शावर की तरह गंदा पानी गिरता रहता, जिससे कपड़े खराब हो जाते हैं। रात में घुप्प अंधेरे व सड़क जर्जर होने से आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक रक्तदान अभियान को लेकर बैठक आज

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और नियमित रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जुलाई को सुबह 11 बजे कला मंदिर, सिविक सेंटर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अभिजीत सिंह करेंगे। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों, शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस एवं अर्धसैनिक बल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ, औद्योगिक संस्थानों, राजनीतिक दलों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, दुर्ग भिलाई प्रेस क्लब के समस्त सदस्य को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थाओं एवं नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

### 28 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**अण्डा।** ग्राम कोलिहापुरी स्थित शासकीय हाई स्कूल में मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की 28 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा, सरपंच ईश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्की मिश्रा, योगेन्द्र दुबे, संजय साहू, अशोक दिल्लीवार, प्रताप साहू, केशव साहू, उमेश साहू, जुगल साहू, श्री ओमकार निषाद, ललित साहू, गणेश निर्मलकर तथा विद्यालय की प्राचार्य संगीता नायर सहित विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ राज्य होम्योपैथी परिषद के सदस्य बने डॉ. चौधरी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी छत्तीसगढ़ राज्य होम्योपैथी परिषद के सदस्य बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग मंत्रालय ने 22 जुलाई को इसकी अधिसूचना जारी की है। इसमें राज्य से 10 सदस्य शामिल किए गए हैं। इस मनोनयन पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. चौधरी ने इस मनोनयन के लिए संगठन और छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार जताया है।

### गोढ़ी मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दुर्ग जिला चिकित्सालय के सहयोग से गोढ़ी व खोपली गांवों में निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविरों का आयोजन किया। शिविरों में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट जान्हवी, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, पंजीयन सहयोगी राकेश कुमार तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) गुलेश्वरी साहू ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 40 ग्रामीणों, जिनमें 12 पुरुष एवं 28 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। खोपली के शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट मनीष देशमुख, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा तथा पंजीयन सहयोगी विवेक ध्रुव ने अपनी सेवाएं दीं।

## जिले में अब तक 409.5 मि.मी. औसत बारिश

# लगातार बारिश व सूखानाला और घूमरिया जलाशय से 3282 क्यूसेक पानी छोड़ा, महमरा एनीकट 4 फीट ऊपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और राजनांदगांव, मोहला मानपुर जिले के जलाशयों से पानी छोड़े जाने से शिवनाथ नदी ऊफान पर आ गया है। सूखा नाला और घूमरिया जलाशय से 3282 क्यूसेक पानी छोड़ने के बाद शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पर पानी 4.6 फीट ऊपर बहने लगा है। वहीं जिले में अब तक 409.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जिससे खेती किसानी का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता धान अंकुरण की थी और पर्याप्त पानी नहीं होने की वजह से धान की नर्सरी नहीं लगा पा रहे थे। ये दोनों की काम अब हो रहे हैं। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानसूनी बारिश का सिस्टम पूरी तरह सक्रिय होने की वजह आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि और चलने की संभावना जताई है।

### पिछले साल की अपेक्षा 3 मिमी औसत वर्षा है कम

जिले में 1 जून 2026 से 23 जुलाई तक 409.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले साल 23 जुलाई 2025 तक 406 मिलीमीटर औसत बारिश हुई थी। इस हिसाब से महज 3 मिमीमीटर औसत बारिश की कमी है। इस तरह पिछले दिनों लगातार हो रही बारिश से जिले में बारिश की स्थिति सुधरी है।

### बोरी तहसील में सबसे ज्यादा बारिश

कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 508.6 मिमी तहसील बोरी तहसील में तथा न्यूनतम 269.6 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 463.7 मिमी, तहसील पाटन में 501.2 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 388.3 मिमी और तहसील अहिवारा में 325.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 23 जुलाई 2026 को तहसील दुर्ग में 16.1 मिमी, तहसील धमधा में 5.5 मिमी, तहसील पाटन में 32.7 मिमी, तहसील बोरी में 7.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 11.5 मिमी और तहसील अहिवारा में 5.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पूर्व पश्चिमी हवा के प्रभाव से बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्व-पश्चिम हवा का शियर जोन 23 डिग्री उत्तर में उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं मानसूनी द्रोणिकाएं भी सक्रिय है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, दमोह, डालटेनगंज, कोण्टई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है तथा यह 3.1 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। 24 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## तीन निगमों में पेयजल सप्लाई बंद

# जलकुंभी फंसने से भिलाई-दुर्ग में पेयजल आपूर्ति प्रभावित




**भिलाई।** शिवनाथ नदी इंटकवेल में जलकुंभी और कचरा फंसने की वजह से तीन निगमों में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो गई है। दुर्ग, भिलाई और रिसाली निगम क्षेत्रों में लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ा। इस इंटकवेल से ही तीनों निगम क्षेत्रों की प्रमुख पानी टंकियां भरी जाती है। इन टंकियों से पानी की सप्लाई विभिन्न वार्डों में स्थित पानी टंकियों में जाता है। यहां से पानी नलों में मिलता है। भिलाई निगम के 70 वार्ड हैं। जिसमें से टाउनशिप के 24 वार्डों में बीएसपी वाटर प्लांट से पानी सप्लाई करती है। शेष 46 वार्डों में पेयजल सप्लाई न सुबह हो पाई और न ही शाम पाली में। रिसाली निगम में कुल 40 वार्ड हैं। इनमें से 7 वार्डों में पानी सप्लाई बीएसपी करती है। शेष 33 वार्डों में से दो वार्ड पुरैना और डुंडेरा में मोरिद जलाशय से पानी आता है। इस तरह बचे हुए 31 वार्डों में पानी की सप्लाई भिलाई निगम के 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से होता है। लेकिन इस संयंत्र में शिवनाथ नदी से पानी नहीं मिला। इसी प्रकार दुर्ग शहर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। सिकोलभाठा, हनुमान नगर और पोटिया टंकी में पानी ही नहीं भर पाया, जहां भरा, वहां भी दोपहर आपूर्ति हो पाई। पटरीपार क्षेत्र में देर शाम तक पेयजल आपूर्ति की गई। इस प्रकार दो दिन से पेयजल सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है। इस बीच दुर्ग निगम के जलकार्य विभाग ने पैनल मेंटेनेंस का भी काम किया।



# कारगिल विजय दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शैक्षणिक जिला बेमेतरा के नगर देवकर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय (बालक) के विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकालकर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन किया। विद्यालय परिसर से निकली रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। तीन-तीन की कतार में मार्च करते हुए विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारों का उद्घोष किया, जिससे पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया। राहगीरों ने भी रैली का स्वागत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रैली के बाद विद्यालय परिसर में कारगिल के वीर जवानों की स्मृति में विभिन्न सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति विषय पर भाषण, काव्य पाठ, निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नवीन ताम्रकार ने विद्यार्थियों की कला एवं अभिव्यक्ति की प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, हेडमास्टर अनुपम अग्रवाल, व्याख्याता अस्वन कुर्रे, एमके देवांगन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## संवरेगा पालिका का मुख्य गार्डन, किया पूजन

**जामुल।** नगर पालिका जामुल का मुख्य गार्डन अब शीघ्र की संवरेगा। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने शिवपुरी स्थित गार्डन को सवारने के लिए स्थल पूजन किया। ठाकुर ने बताया कि वार्ड-18 शिवपुरी के इस गार्डन के संवरने से पूरे नगर वासियों को एक भव्य एवं मनोरम स्थल मिलेगा। यह जामुल का एक महत्वपूर्ण उद्यान है। जहां बच्चे, युवावर्ग, बुजुर्गगण सुबह शाम यहां नियमित रूप से सैर करने आते हैं। स्थल पूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, पार्षदगण चूम्मन वर्मा, दीपक गुप्ता, रामदुलार साहु, युवा नेता ईश्वर उपाध्याय, प्रतीक अग्रवाल, बाली बर्मन आदि मौजूद थे।

## केसला के सरपंच ने पिरैया स्कूल में कराया न्योता भोज और पौधारोपण



**नांदघाट।** ग्राम पंचायत केसला के सरपंच प्रमोद कुमार देवांगन ने शुक्रवार को अपने पंचायत के आश्रित ग्राम पिरैया में अपने पूज्य पिता पूर्व सरपंच स्वर्गीय रामकुमार देवांगन के पुण्य तिथि के अवसर पर स्कूल में न्योता भोज एवं पौधा रोपण कराया गया जिसमें मुख्य रूप से स्कूल के शिक्षक मोहनलाल देवांगन देवी साहू एवं उपसरपंच मोतीलाल साहू पंच सुखनंदन सेन पंच सुखराम निषाद एवं शाला विकास समिति के सभी सदस्य शामिल हुए।

# पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग की एनसीसी इकाई द्वारा डॉ. आस्था चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों द्वारा वृहत स्तर पर पर्यावरण महत्व के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कैडेटों ने अपने द्वारा रोपित पौधो के संरक्षण और देखभाल का संकल्प भी लिया गया। एक अन्य पहल के तहत विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कुथरेल में कम्युनिटी सर्विस उपक्रम के अंतर्गत कम्युनिटी मेडिएशन पर ग्रामीणों के साथ एक सत्र आयोजित किया गया। इसमें संपदा बैंस, सरिता गुप्ता व छात्रों ने ग्रामवासियो को सामुदायिक मध्यस्थता, उसके महत्व और उपयोगिता पर शिक्षित व जागरूक करने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कुलपति डॉ. बीएन तिवारी तथा कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र स्वर्णकार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिवार इस तरह के उपक्रम के समग्र रूप से सतत प्रतिबद्ध है।

■ भारती विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान का आयोजन



# घर में लगी भीषण आग, दमकल ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के ग्राम अछोटी में बुधवार शाम एक मकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की दो दमकल टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी दिनेश राउटे के अनुसार 22 जुलाई को शाम करीब 7.44 बजे ग्राम अछोटी निवासी रामचरण के मकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन कार्यालय से दमकल वाहन रवाना किए गए। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि मकान से भीषण आग की लपटें उठ रही थीं और आग तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को आसपास के मकानों और अन्य क्षेत्रों तक फैलने से रोक दिया। करीब 4 घंटे बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि आग से हुए संपत्ति नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## नए ट्रैफिक एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण करते ही ली समीक्षा बैठक

# जाम व सड़क हादसों पर सख्ती, नए यातायात एएसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकेत दिए हैं। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने यातायात विभाग के सभी जोन प्रभारियों, टैंगो टीम और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में एएसपी पटेल ने सभी जोन प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने और प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त मार्गों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बनने दी जानी चाहिए। नवपदस्थ एएसपी ने सुबह और शाम के पीक ऑवर के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। बैठक में शाम के समय बाजारों में बढ़ने वाले यातायात दबाव को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाजार क्षेत्रों में प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

### पीक ऑवर में विशेष निगरानी और सड़क सुरक्षा पर दिया जोर



### सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात हमारी प्राथमिकता

दुर्ग जिले में सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना प्राथमिकता होगी। यातायात पुलिस आम नागरिकों की सुविधा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

-**कौशलेंद्र देव पटेल**, एएसपी, ट्रैफिक

### अनुशासन और जवाबदेही पर जोर

कौशलेंद्र देव पटेल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने तथा जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीमवर्क और बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देने तथा यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जनजागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई।

